CS (Main) Exam:2015

**C–AVZ–O–BOUA**

# नृविज्ञान
## प्रश्न-पत्र—I
# ANTHROPOLOGY
## Paper—I

*निर्धारित समय : तीन घंटे*
*Time Allowed : Three Hours*

*अधिकतम अंक : 250*
*Maximum Marks : 250*

**प्रश्न-पत्र के लिए विशिष्ट अनुदेश**

**कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :**

इसमें आठ (8) प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न क्रमांक *1* एवं *5* अनिवार्य हैं तथा बाकी में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर-पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए।

---

**QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS**

***Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :***

*There are **EIGHT** questions divided in **Two Sections** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.*

*Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.*

*Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** from each Section.*

*The number of marks carried by a question/part is indicated against it.*

*Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.*

*Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.*

*Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.*

---

खण्ड—अ

## SECTION—A

Q. 1 निम्नलिखित पर टिप्पणियाँ लिखिए, जो प्रत्येक लगभग 150 शब्दों में होनी चाहिए :—

**Write notes on the following in about 150 words each :—** **5×10=50**

Q. 1(a) पुरातत्वीय नृविज्ञान।

Archaeological Anthropology. 10

Q. 1(b) समाज और संस्कृति।

Society and Culture. 10

Q. 1(c) अगम्यगमन (इन्सेस्ट) निषेध।

Incest Taboos. 10

Q. 1(d) बाग़बानी।

Horticulture. 10

Q. 1(e) ऐतिहासिक विशिष्टकारणवाद (पर्टीकुलरिज्म)।

Historical Particularism. 10

Q. 2(a) मानव विकास में जैविक और सांस्कृतिक कारकों को स्पष्ट कीजिये।

Elucidate the biological and cultural factors in Human Evolution. 15

Q. 2(b) मौर्गन ने विवाह, परिवार और सामाजिक-राजनीतिक संगठन के विकास को किस प्रकार समझाया था, और अन्य विकासवादी उसके स्पष्टीकरण से किस प्रकार असहमत थे ?

How did Morgan explain the evolution of marriage, family and Socio-Political organization, and how did other evolutionists disagree with his explanation ? 20

Q. 2(c) संस्कृति परिवर्तन के स्पष्टीकरणों के रूप में विसरणवाद (डिफ्यूज़निज्म) और विकासवाद (ऐवोलूशनिज्म) एक दूसरे से किस प्रकार भिन्न हैं ?

How do diffusionism and evolutionism differ as explanations of Culture Change ? 15

Q. 3(a) 'परिवार' की परिभाषा कीजिए और परिवार की सर्वव्यापकता का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिये।

Define family and critically examine the universality of family. 15

Q. 3(b) धर्म की दुर्खाइम की थियोरी में 'पवित्र' और 'लौकिक' की संकल्पनाओं के बीच, कुलचिह्न (टोटेम) की भूमिका पर फोकस करते हुए, आप किस प्रकार संबंध स्थापित करते हैं ?

How do you relate the concepts of 'Sacred' and 'Profane' in Durkheim's theory of religion with a focus on the role of totem ? 15

Q. 3(c) नृविज्ञान में 'आधुनिकोत्तरवाद' के आधारिक अभिलक्षणों को स्पष्ट कीजिये।

Explain the basic features of 'Postmodernism' in Anthropology. 20

Q. 4(a) आदिम समाजों के अध्ययन में, आर्थिक नियमों की अनुप्रयोज्यता (एप्लिकेबिलिटी) पर रीतिवादियों पर (फौर्मेलिस्ट) और सारभूतवादियों (सब्सटैंटिविस्ट) के विचारों का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिये।

Critically examine the Formalists' and Substantivists' views on the applicability of economic laws in the study of primitive societies. 20

Q. 4(b) व्यवस्थापरक (ऐमिक) और व्यवहारपरक (ऐटिक) के बीच अंतर को स्पष्ट कीजिये, और यह भी बताइए कि यह अंतर किस प्रकार भाषा के अध्ययन से व्युत्पन्न होता है ?

Explain the difference between emic and etic, and how does the difference derive from the study of language ? 10

Q. 4(c) वह क्या है, जिसने गीर्ट्ज़ के व्याख्यात्मक नृविज्ञान को टर्नर के प्रतीकात्मक नृविज्ञान से भिन्न बना दिया था ? उनमें से प्रत्येक का 'प्रतीक' और 'प्रतीकात्मक' शब्दों से क्या अभिप्राय है ?

What made Geertz's Interpretive Anthropology distinct from Turner's Symbolic Anthropology ? What does each of them mean by the terms 'Symbol' and 'Symbolic' ? 20

## खण्ड—ब

## SECTION—B

**Q. 5 निम्नलिखित में से प्रत्येक पर लगभग 150 शब्दों में टिप्पणी लिखिये :—**

**Write notes on the following in about 150 words each :— 10×5=50**

Q. 5(a) पुरापाषाण संस्कृति।

Palaeolithic culture. 10

Q. 5(b) डाउन का संलक्षण।

Down's Syndrome. 10

Q. 5(c) संवृद्धि का अध्ययन करने की अनुदैर्घ्य विधि।

Longitudinal method of studying growth. 10

Q. 5(d) रजोनिवृत्ति और उसका परिणाम।

Menopause and its impact. 10

Q. 5(e) आयुर्विज्ञान में डी.एन.ए. प्रौद्योगिकी।

DNA technology in Medicine. 10

Q. 6(a) 'होमो इरैक्टस' के प्रमुख अभिलक्षणों और भौगोलिक वितरण का वर्णन कीजिये।

Describe the salient characteristics and geographical distribution of Homo erectus. 20

Q. 6(b) विकास को समझने में, विकास की डार्विन की थियोरी का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिये।

Critically examine Darwin's theory of evolution in understanding evolution. 15

Q. 6(c) मनुष्य में गुणसूत्री विपथनों पर, उदाहरणों के साथ स्पष्ट करते हुए, चर्चा कीजिये।

Discuss chromosomal aberrations in man illustrating with examples. 15

Q. 7(a) मानवमितीय (ऐंथ्रोपोमीटरिक) कायप्ररूप (सोमैटोटाइप) क्या होता है ? कायप्ररूपण की हीथ और कार्टर की विधि का वर्णन कीजिये।

What is an anthropometric somatotype ? Describe Heath and Carter's method of somatotyping. 20

Q. 7(b) मनुष्य में, शीत जलवायु पर शरीरक्रियात्मक अनुक्रियाओं और पर्यनुकूलन (ऐक्लिमेटाइज़ेशन) का समालोचनापूर्वक परीक्षण कीजिये।

Critically examine the physiological responses and acclimatization to cold climate in Man. 15

Q. 7(c) खिलाड़ियों के चयन और अनुवीक्षण में नृविज्ञान की भूमिका को सविस्तार स्पष्ट कीजिये।

Elucidate the role of Anthropology in selection and monitoring of sports persons. 15

Q. 8(a) "न्यायिक विज्ञान (फोरेंसिक साइंस) आपराधिक अन्वेषणों में मदद दे सकता है।" चर्चा कीजिये।

Forensic Science can help in criminal investigations. Discuss. 20

Q. 8(b) आनुवंशिक बहुरूपता (जैनेटिक पौलिमौर्फिज्म) की परिभाषा कीजिये। उपयुक्त उदाहरण प्रस्तुत करते हुए, इसके प्रकारों को सविस्तार बताइये।

Define genetic polymorphism. Give details of its types with suitable examples. 15

Q. 8(c) आप प्रतिरक्षा-आनुवंशिकी (इम्यूनोजेनेटिक्स) से क्या समझते हैं ? उपयुक्त उदाहरणों सहित इसको स्पष्ट कीजिये।

What do you understand by Immunogenetics ? Explain with suitable examples. 15